प्रादेशिक समाचार
01.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड में जनगणना–2027 की स्व–गणना प्रकिया आज से हुई शुरू, राज्यपाल और और मुख्यमंत्री ने स्वयं निर्धारित विवरण भर कर नागरिकों को सहभागिता का दिया संदेश।
2. ट्रेजरी घोटाले को लेकर हजारीबाग और बोकारो में होगा स्पेशल ऑडिट, प्रधान महालेखाकार ने गृह विभाग से अबतक तैयार हुए कागजात उपलब्ध कराने का किया आग्रह।
3. धनबाद के केंदुआडीह भू–धंसान और गैस रिसाव मामले में सियासत तेज, धनबाद विधायक ने बीसीसीएल और जिला प्रशासन पर संवेदनहीन होने का लगाया आरोप।
4. राज्य के विभिन्न हिस्सों में छह मई तक हल्के से मध्यम दर्जे की छिटपुट बारिश का अनुमान, न्यूनतम तापमान में गिरावट से भीषण गर्मी से मिली राहत।
5. रांची के सात वर्षीय इशांक ने 29 किलोमीटर समुद्री रास्ता नौ घंटे 50 मिनट में तैरकर बनाया विश्व रिकार्ड।

****

झारखंड में जनगणना–2027 के प्रथम चरण की <u>स्व–गणना प्रकिया</u> आज से शुरू हो गयी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज लोक भवन में इसका शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं निर्धारित विवरण दर्ज कर राष्ट्रीय कार्य में सहभागिता का संदेश दिया और नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की।

वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी जनगणना–2027 के तहत स्व–गणना प्रक्रिया पूरी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने का कार्य नहीं, बल्कि विकास योजनाओं को सही लोगों तक पहुंचाने का आधार है।

इधर देवघर जिले के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की है कि प्रगणक जब घर पहुंचें तो सही और पूरी जानकारी दें।

****

ट्रेजरी घोटाले को लेकर हजारीबाग और बोकारो एसपी कार्यालय और उससे जुड़े सभी कार्यालयों का स्पेशल ऑडिट कराया जायेगा। प्रधान महालेखाकार इंदु अग्रवाल ने गृह विभाग की अपर मुख्य सचिव वंदना डाडेल से अबतक तैयार कागजात उपलब्ध कराने को कहा है। गौरतलब है कि इस घोटाले को लेकर 17 अप्रैल को वित्त सचिव ने गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को स्पेशल ऑडिट कराने के लिए पत्र भेजा था। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकार को हुए आर्थिक क्षति को लेकर स्पेशल ऑडिट कराना जरूरी है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने पर कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों को महिला विरोधी बताया है। भाजपा विधायक नीरा यादव ने आज रांची में कहा कि भाजपा शुरू से महिला सशक्तिकरण और राजनीति में महिलाओं की संतुलित भागीदारी की पक्षधर रही है। वहीं कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों का रवैया शुरू से ही महिला विरोधी रहा है।

****

धनबाद जिले के केंदुआडीह भू–धंसान और गैस रिसाव को लेकर सियासत तेज हो गयी है। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने इस मामले में बीसीसीएल और जिला प्रशासन पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दबाव में आकर फैसले लिये जा रहे हैं और पीड़ितों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है।

****

राज्य सरकार की झारभूमि पोर्टल तीन मई तक बंद रहेगी। इस पोर्टल को दुरूस्त करने और सर्वर को ठीक करने का काम 30 मई से ही जारी है। इस वजह से रांची समेत सभी जिलों में जमीन रजिस्ट्री और म्यूटेशन अभी बंद है। चार मई को पोर्टल खुलने के बाद निबंधन प्रकिया फिर से शुरू हो जायेगी।

****

केंद्र सरकार ने नागरिकता–संशोधन–अधिनियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत ओ–सी–आई कार्ड पंजीकरण अब पूरी तरह डिजिटल होगा। नए नियमों में ई–ओ–सी–आई, बायोमेट्रिक आधारित फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन और नाबालिगों के लिए दोहरे पासपोर्ट पर पाबंदी जैसे प्रावधान शामिल हैं। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने नागरिकता अधिनियम, 2009 में संशोधन किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि कोई भी नाबालिग बच्चा भारतीय पासपोर्ट के साथ–साथ किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकता है।

****

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने विश्व श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को शुभकामनाएं दी। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा, अधिकारों और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता दे रही है। इधर रांची में आयोजित मजदूर सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि देश के विकास की असली ताकत श्रमिक वर्ग है।

****

हजारीबाग में पिछले दिनों हुई अल्पसंख्यक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या और एक पत्रकार की पिटाई मामले की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस ने चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। पार्टी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि जांच कमेटी पीड़ित परिवार से मुलाकात कर वास्तविक स्थिति की जानकारी एकत्र करेगी।

वहीं भाजपा ने हजारीबाग में स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में पत्रकारों पर जानलेवा हमले को मॉब लिंचिंग की कोशिश बताया है। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि घटना में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की सीधी भागीदारी है। उन्होंने कांग्रेस से कार्रवाई की मांग की।

****

मौसम विभाग ने छह मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान तेज हवा चलने का अनुमान है। इधर, चतरा, गढ़वा, गोड्डा, हजारीबाग, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़ और साहिबगंज में अगले कुछ घंटों में बारिश की संभावना जतायी है।

इधर, छिटपुट हो रही बारिश के कारण पूरे राज्य के तापमान में कमी आयी है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

****

रांची जिले के धुर्वा के सात वर्षीय इशांक ने तैराकी में विश्व रिकार्ड बनाया है। इशांक ने श्रीलंका के तलाईमन्नार से भारत के धनुषकोड़ी तक लगभग 29 किलोमीटर का खतरनाक समुद्री रास्ता नौ घंटे 50 मिनट में तैरकर इतिहास रचा।

*****समाप्त*******